इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.


# मध्यप्रदेश राजपत्र

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 12]     भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 23 मार्च 2012—चैत्र 3, शक 1934


## विषय-सूची


भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.


# भाग १

## राज्य शासन के आदेश

### सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 फरवरी 2012

क्र. ई-5-497-आयएएस-लीव -एक-5 .—(1) श्री एस. पी. एस. परिहार, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को दिनांक 3 से 12 मार्च 2012 तक, दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री एस. पी. एस. परिहार की अवकाश अवधि में श्री इकबाल सिंह बैंस, आयएएस., पर्यावरण आयुक्त तथा पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग एवं महानिदेशक, एप्को तथा प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन तथा लोक सेवा प्रबंधन तथा महानिदेशक, स्कूल आफ गुड गवर्नेस को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एस. पी. एस. परिहार को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एस. पी. एस. परिहार द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.



नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

(5) अवकाशकाल में श्री एस. पी. एस. परिहार को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. पी. एस. परिहार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 29 फरवरी 2012

क्र. ई-1-82-2012-5-एक.—श्री सुदेश कुमार, भाप्रसे (1984) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सार्वजनिक उपक्रम विभाग तथा आयुष विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक, आयुक्त-सह-संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी, मध्यप्रदेश का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 1 मार्च 2012

क्र. ई. 1-61-2012-5-एक.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 22 फरवरी 2012 के पद 2 जिसके द्वारा श्री अरुण कुमार, भावसे (1985), मुख्य वन संरक्षक (विकास) मुख्यालय, भोपाल की सेवाएं, वन विभाग से लेकर उनकी सेवाएं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिशन संचालक, राजीव गांधी जलग्रहण मिशन एवं समन्वयक, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के पद पर पदस्थापना के लिए सौंपी गई हैं, में आंशिक संशोधन करते हुए ''मिशन संचालक, राजीव गांधी जलग्रहण मिशन एवं समन्वयक मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम'' के स्थान पर ''मिशन संचालक, राजीव गांधी जलग्रहण मिशन'' पढ़ा जाए.

भोपाल, दिनांक 3 मार्च 2012

क्र. ई. 5-677-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एम. के. वार्ष्णेय, आयएएस., आयुक्त-सह-संचालक, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास तथा सचिव, मानव अधिकार आयोग को दिनांक 15 से 20 मार्च 2012 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री एम. के. वार्ष्णेय की अवकाश अवधि में श्री उमाकांत उमराव, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, आयुक्त-सह-संचालक, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास तथा सचिव, मानव अधिकार आयोग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एम. के. वार्ष्णेय को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त-सह-संचालक, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास तथा सचिव, मानव अधिकार आयोग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एम. के. वार्ष्णेय द्वारा आयुक्त-सह-संचालक, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास तथा सचिव, मानव अधिकार आयोग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री उमाकांत उमराव, आयुक्त-सह-संचालक, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास तथा सचिव, मानव अधिकार आयोग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री एम. के. वार्ष्णेय को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एम. के. वार्ष्णेय अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 5 मार्च 2012

क्र. ई. 5-496-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अनिल कुमार जैन, आयएएस., विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली को दिनांक 5 से 9 मार्च 2012 तक, पांच दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री अनिल कुमार जैन की अवकाश अवधि में श्रीमती अमिता शर्मा, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण तथा सामान्य प्रशासन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली एवं विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अनिल कुमार जैन को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अनिल कुमार जैन द्वारा आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली एवं विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती अमिता शर्मा, आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली एवं विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली के प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री अनिल कुमार जैन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अनिल कुमार जैन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-1-75-2012-5-एक.—श्रीमती रेनू तिवारी, भाप्रसे (2000) उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन को, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग एवं परिवहन विभाग पदस्थ किया जाता है.

क्र. ई-1-87-2012-5-एक.— श्री स्वदीप सिंह, भाप्रसे (1979), विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय को आगामी आदेश तक, आदिम जाति कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण तथा विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री स्वदीप सिंह द्वारा आदिम जाति, अनुसूचित जाति कल्याण, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप श्री आई. एस. दाणी, भाप्रसे (1980), अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा तथा आदिम जाति कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग केवल आदिम जाति कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

भोपाल, दिनांक 6 मार्च 2012

क्र. ई-5-296-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती आभा अस्थाना, आयएएस., महानिदेशक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल तथा महानिदेशक, अटल बिहारी बाजपेयी लोक प्रशासन संस्थान तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (विधिक एवं सतर्कता प्रकोष्ठ) को दिनांक 19 से 22 मार्च 2012 तक, चार दिन का एक्स, इंडिया असाधारण अवकाश (अवैतनिक) स्वीकृत किया जाता है. इस अवकाश के साथ दिनांक 17, 18 एवं 23, 24, 25 मार्च 2012 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्रीमती आभा अस्थाना की उक्त अवकाश अवधि में श्री राकेश अग्रवाल, भाप्रसे, संचालक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, महानिदेशक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती आभा अस्थाना को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न महानिदेशक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल तथा महानिदेशक, अटल बिहारी बाजपेयी लोक प्रशासन संस्थान तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (विधिक एवं सतर्कता प्रकोष्ठ) के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती आभा अस्थाना अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई. 5-860-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) सुश्री मधुरानी तेवतिया, आयएएस., अपर कलेक्टर, ग्वालियर को दिनांक 1 मार्च से 30 जून 2012 तक चार माह का प्रसूति अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर सुश्री मधुरानी तेवतिया को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर कलेक्टर, ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में सुश्री मधुरानी तेवतिया को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि सुश्री मधुरानी तेवतिया अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई. 5-816-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संजीव सिंह, आयएएस., कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर को दिनांक 2 से 13 अप्रैल 2012 तक, बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 1 एवं 14, 15 अप्रैल 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री संजीव सिंह की अवकाश की अवधि में श्री भरत यादव, अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संजीव सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजीव सिंह द्वारा कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री भरत यादव, कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संजीव सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजीव सिंह, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**अवनि वैश्य,** मुख्य सचिव.

---

भोपाल, दिनांक 28 फरवरी 2012

क्र. ई-5-836-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एम. के. अग्रवाल, भाप्रसे, सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर को

दिनांक 16 से 17 जनवरी 2012 तक दो दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एम. के. अग्रवाल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री एम. के. अग्रवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एम. के. अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-871-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री धनराजू एस., आयएएस., अनुविभागीय अधिकारी/सहायक कलेक्टर, इटारसी को दिनांक 21 फरवरी से 3 मार्च 2012 तक बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 18, 19, 20 फरवरी 2012 एवं दिनांक 4 मार्च 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री धनराजू एस. को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अनुविभागीय अधिकारी/सहायक कलेक्टर, इटारसी के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री धनराजू एस. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री धनराजू एस. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 3 मार्च 2012

क्र. ई-5-785-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश कृषि विपणन बोर्ड-सह-संचालक, मंडी मध्यप्रदेश सह-अपर सचिव, मुख्यमंत्री को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 1 फरवरी 2012 द्वारा दिनांक 1 से 15 फरवरी 2012 तक, पन्द्रह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया था, में आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक 1 से 10 फरवरी 2012 तक, दस दिन का अर्जित अवकाश, दिनांक 11, 12 फरवरी 2012 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ते हुए कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) समसंख्यक आदेश दिनांक 1 फरवरी 2012 की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**व्ही. एस. तोमर**, अवर सचिव "कार्मिक".

---

भोपाल, दिनांक 2 मार्च 2012

क्र. एफ ए-5-16-2011-एक (1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री एस. एन. अग्रवाल, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, ग्वालियर, खण्डपीठ ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

| अ. क्र. (1) | अवकाश अवधि (2) | कुल दिन (3) | अवकाश का प्रकार (4) | अभियुक्ति (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 14-10-2011 से 21-10-2011 तक. | 08 दिन | पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश. | अवकाश के पश्चात् दिनांक 22 एवं 23-10-2011 तक के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित. |
| 2 | दिनांक 9-1-2012 से 20-1-2012 तक. | 12 दिन | पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश. | अवकाश के पूर्व दिनांक 7 एवं 8-1-2012 एवं अवकाश के पश्चात् दिनांक 21 एवं 22-1-2012 तक के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित. |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**बी. आर. विश्वकर्मा,** उपसचिव.

## संस्कृति विभाग
### मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 9 फरवरी 2012

क्र. एफ. 6-13-1998-तीस-सं.—सार्वजनिक स्थलों पर ऐतिहासिक, राजनीतिक एवं अन्य महापुरुषों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमा स्थापित करने के संबंध में वर्तमान व्यवस्था के अनुसार राज्य शासन की अनुमति प्रतिमा स्थापना के पूर्व प्राप्त किया जाना आवश्यक है. राज्य शासन ने विचारोपरान्त उक्त अधिकार सभी जिला कलेक्टरों को प्रत्यायोजित करने का निर्णय लिया है.

अतः सार्वजनिक स्थलों पर ऐतिहासिक, राजनीति एवं अन्य महापुरुषों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमा स्थापित करने के संबंध में अनुमति जारी करने के राज्य शासन के अधिकार सभी जिला कलेक्टरों को उनकी स्थानीय अधिकारिता के भीतर प्रयोग करने हेतु निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रत्यायोजित किये जाते हैं :—

1. अनुमति जारी करने के पूर्व यह सुनिश्चित किया जावे कि विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 6-13-1998-स-तीस, दिनांक 10 फरवरी 2009 द्वारा जारी मार्गदर्शी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया गया है.

2. संभागायुक्त कलेक्टर के आदेश से व्यथित किसी पक्षकार के आवेदन पर कलेक्टर से प्रकरण बुलाकर स्वयं जांच कर सकेंगे तथा प्रतिमा स्थापना के संबंध में समुचित आदेश जारी कर सकेंगे.

3. राज्य शासन प्रतिमा स्थापना के संबंध में जिला कलेक्टर अथवा संभागायुक्त के समक्ष लंबित किसी भी नस्ती को बुलाकर परीक्षण कर सकेगा तथा उचित आदेश पारित कर सकेगा.

**विनोद सेमवाल,** प्रमुख सचिव.

---

## श्रम विभाग
### मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 मार्च 2012

क्र. एफ 9-1-2009-ब-सोलह .—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (34 सन् 1948) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मेसर्स जे. पी. रीवा प्लांट यूनिट ऑफ जयप्रकाश एसो. लिमि. जे. पी. नगर, रीवा, म. प्र. को उक्त अधिनियम के प्रावधानों से दिनांक 1 नवम्बर 2011 से 31 अक्टूबर 2012 तक की अवधि के लिये इस शर्त पर छूट प्रदान करता है कि आवेदित संस्था द्वारा अपने विद्यमान चिकित्सकीय सुविधाओं का स्तर यथावत् बनाये रखेगा तथा यथासंभव उसे और अधिक उन्नत करेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**पद्मा रोकडे,** अवर सचिव.

---

## विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 7 मार्च 2012

फा. क्र. 17(ई)2-2002-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, इस विभाग के आदेश क्रमांक 17(ई)2-2002-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 13 जनवरी 2012 जिसके द्वारा श्री महेश प्रसाद अवस्थी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, छिन्दवाड़ा की सेवाएं, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण, ग्वालियर के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपी गई थी, पर इस विभाग के आदेश क्र. 17(ई)2-2002-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 18 जनवरी 2012 द्वारा लगाए गए स्थगन को समाप्त करते हुए इस विभाग के उक्त आदेश क्र. 17(ई)2-2002-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 13 जनवरी 2012 तत्काल प्रभाव से लागू करता है.

फा. क्र. 3(ए)1-2001-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर, उच्च न्यायिक सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करता है :—

1. श्री अनिल वर्मा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, सागर.

2. श्री जगत मोहन चतुर्वेदी, अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता फोरम, रीवा.

फा. क्र. 3(ए)15-2005-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर, उच्च न्यायिक सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अतिरिक्त सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करता है :—

1. श्री अचल कुमार पालीवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पिपरिया, जिला होशंगाबाद.

2. श्री अरुण कुमार सिंह (सीनियर), तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सतना.

3. श्री हरिशरण यादव, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिवनी.

4. श्री राजीव आप्टे, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गुना.

क्र. 4-1-2002-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 14 अगस्त 2002 के अनुक्रम में, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर, मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा 4 के अधीन, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 4 मार्च, 2002 तथा अधिसूचना क्रमांक 17 (ई)49-2009-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 20 नवम्बर 2009 एवं 25 मई 2011 द्वारा गठित कुटुम्ब न्यायालयों में मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम-3 के अन्तर्गत उच्च न्यायिक सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाए गए कुटुम्ब न्यायालयों में उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश होने अथवा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने (जो भी पहले हो) तक निम्नलिखित सारणी में वर्णित स्थान पर नियुक्त करता है:—

| क्र. | नाम तथा पद | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | श्रीमती जयश्री वर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शाजापुर. | प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन. |
| 2 | श्रीमती कुमुदबाला बारणा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मण्डलेश्वर. | प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, होशंगाबाद. |
| 3 | श्री ऋषभ कुमार जैन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजगढ़ (ब्यावरा). | प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, इन्दौर. |
| 4 | श्रीमती शशिकिरण दुबे, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, छतरपुर. | प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, जबलपुर. |
| 5 | श्री सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी, अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता फोरम, विदिशा. | प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, सागर. |

उक्त न्यायिक अधिकारी को, देय वेतन तथा भत्तों का निर्धारण, मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत होगा.

क्र. 17 (ई)67-2008-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर, न्यायिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों की सेवाएं श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के पद पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश होने तक प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किए जाने हेतु श्रम विभाग को सौंपता है:—

| क्र. | नाम तथा पद | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | श्री राजेन्द्र कुमार बाथम, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश एवं न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, बरेली जिला रायसेन. | पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, देवास. |
| 2 | श्री रविन्द्र प्रताप सिंह चुण्डावत, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, सिवनी मालवा जिला होशंगाबाद. | पीठासीन अधिकारी, क्र. 1, श्रम न्यायालय भोपाल. |
| 3 | श्री अनिल कुमार पाठक, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, इछावर, जिला सीहोर. | पीठासीन अधिकारी, क्र. 2, श्रम न्यायालय ग्वालियर. |
| 4 | श्रीमती दीपिका मालवीय, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, बैतूल जिला बैतूल. | पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, रीवा. |

भोपाल, दिनांक 14 मार्च 2012

फा. क्र. 3(ए)15-2005-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, भोपाल के पद पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ निम्नलिखित न्यायिक अधिकारियों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति से वापस कर उच्च न्यायालय, जबलपुर को एतद्द्वारा सौंपता है:—

1. श्री हरिशंकर वैश्य, अपर सचिव, विधि विभाग, भोपाल.
2. श्री प्रदीप कुमार वर्मा, अपर सचिव, विधि विभाग, भोपाल.
3. श्री राजेन्द्र कुमार वाणी, अपर सचिव, विधि विभाग, भोपाल.

फा. क्र. 3(ए)1-2001-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, भोपाल के पद पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ निम्नलिखित न्यायिक अधिकारियों

की सेवाएं प्रतिनियुक्ति से वापस कर उच्च न्यायालय, जबलपुर को एतद्द्वारा सौंपता है:—

1. श्री अब्दुल जब्बार खान, सचिव, विधि विभाग, भोपाल.
2. श्री दिनेश नायक, सचिव, विधि विभाग, भोपाल.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**के. डी. खान,** प्रमुख सचिव.

---

भोपाल, दिनांक 5 मार्च 2012

फा. क्र. 17(ई)38-2010-इक्कीस-ब(दो).—दिनांक 7 जून 2010 द्वारा श्री वीरेन्द्र कोठारी, अधिवक्ता, निवासी-7, महावीर मार्ग, जिला उज्जैन म. प्र. को जिला मुख्यालय उज्जैन में नोटरी व्यवसाय करने हेतु नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु उनकी मृत्यु हो जाने के कारण, जिला मुख्यालय उज्जैन में उनका नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन सूची से विलोपित किया जाता है.

फा. क्र. 17(ई)79-2004-इक्कीस-ब(दो).—दिनांक 7 मई 2004 द्वारा श्री सत्यनारायण बंसल, अधिवक्ता, निवासी-जी-7, एलआईजी, ऋषि नगर, जिला उज्जैन म. प्र. को जिला मुख्यालय उज्जैन में नोटरी व्यवसाय करने हेतु नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु उनकी मृत्यु हो जाने के कारण, जिला मुख्यालय उज्जैन में उनका नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन सूची से विलोपित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**ए. जे. खान,** सचिव.

---

## गृह विभाग

### मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 मार्च 2012

क्र. एफ. 1 (ए) 93-2002-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 1-3-2012 द्वारा श्रीमती दीपिका सूरी, भापुसे, सेनानी 25वीं वाहिनी, विसबल, भोपाल को Third Course of Phase-III Mid Career Training Programme (MCTP) में दिनांक 6 फरवरी से 16 मार्च 2012 तक राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में एवं दिनांक 19 से 30 मार्च 2012 तक आस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण उपरांत दिनांक 31 मार्च से 5 अप्रैल 2012 तक कुल 6 दिवस का अर्जित अवकाश (Ex-India) स्वीकृत किया गया है.

(2) राज्य शासन द्वारा उपर्युक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए यह जोड़ा जाता है कि उपर्युक्तानुसार स्वीकृत अर्जित अवकाश (Ex-India) के तारतम्य में यात्रा अवधि पृथक् से मान्य होगी.

(3) पूर्व आदेश दिनांक 1 मार्च 2012 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**अशोक दास,** अपर मुख्य सचिव.

---

## विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 15 मार्च 2012

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(एक).—स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(1), दिनांक 3 अप्रैल 1998 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 17 अप्रैल 1998 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात्:—

### संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 15 तथा 28 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

| अनुक्रमांक | न्यायाधीश का नाम तथा पदनाम | विशेष न्यायालय | स्थानीय क्षेत्र/सेशन खण्ड |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| "15. | श्री दिलीप कुमार मिश्रा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, सीहोर. | सीहोर | सीहोर |
| 28. | श्री प्रेमचंद शर्मा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 बालाघाट. | बालाघाट | बालाघाट.". |

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F.No. 1-6-89-XXI-B(1).—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government, with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following further amendments in this Department's Notification F. No. 1-6-89-XXI-B(1), dated 3rd April 1998, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1, dated 17th April 1998, namely:—

AMENDMENTS

In the said Notification, in the Schedule, for serial numbers 15 and 28 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

| S. No. (1) | Name and Designation of the Judge (2) | Special Court (3) | Local Area/Session Division (4) |
|---|---|---|---|
| "15. | Shri Dilip Kumar Mishra, Special Judge Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 Sehore. | Sehore | Sehore |
| 28. | Shri Prem Chand Sharma, Special Judge Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 Balaghat. | Balaghat | Balaghat.''. |

This amendment shall come into force from the date on which the Judge as specified in this Notification assumes the charge of his office in the said Court.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

**के. डी. खान**, प्रमुख सचिव.

## विभाग प्रमुखों के आदेश

### मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

''निर्वाचन भवन''

58, अरेरा हिल्स, भोपाल, (मध्यप्रदेश)—462011

भोपाल, दिनांक 7 मार्च 2012

### आदेश

क्र. एफ. 67-166-10-तीन-392.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

**माह दिसम्बर 2009** में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत जतारा, जिला टीकमगढ़** के आम निर्वाचन में **श्री अब्बास उर्फ शंकर काजी,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत जतारा, जिला टीकमगढ़** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा **जिला निर्वाचन अधिकारी, टीकमगढ़** के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं **जिला निर्वाचन अधिकारी, टीकमगढ़** के पत्र क्र.न.नि./व्यय लेखा/10/406, दिनांक 29 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री अब्बास उर्फ शंकर काजी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री अब्बास उर्फ शंकर काजी** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 18 फरवरी 2010 जारी कर **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, टीकमगढ़** के माध्यम से तामील करवाया गया एवं नोटिस की तामीलशुदा प्रति कलेक्टर टीकमगढ़ के पत्र दिनांक 23 मार्च, 2010 के संलग्न आयोग में प्राप्त हुई. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

**श्री अब्बास उर्फ शंकर काजी** को नोटिस दिनांक 23 मार्च 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 7 अप्रैल 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. नोटिस की तामीली उपरान्त **कलेक्टर टीकमगढ़** ने अपने पत्र दिनांक 10 अगस्त 2011 में लेख किया कि "**श्री अब्बास उर्फ शंकर काजी** को कारण बताओ नोटिस की तामीली मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जतारा से प्राप्त दि. 09 मार्च 2010 के बाद उक्त अभ्यर्थी द्वारा नोटिस में उल्लेखित अवधि में निर्वाचन व्यय लेखा/अभ्यावेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है." **कलेक्टर टीकमगढ़** से उक्त अभिमत प्राप्त होने के उपरान्त आयोग द्वारा दिनांक 13 सितम्बर 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 16 नवम्बर 2011 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र की तामीली **कलेक्टर टीकमगढ़** द्वारा दिनांक 8 नवम्बर 2011 को कराई गई. अभ्यर्थी ने दिनांक 16 नवम्बर 2011 को फैक्स द्वारा आयोग को सूचित किया कि अस्वस्थ्य होने के कारण वे सुनवाई में उपस्थित होने में असमर्थ है. अत: आयोग द्वारा उन्हें सुनवाई का एक और मौका देते हुए नवीन तिथि दिनांक 7 फरवरी 2012 दी गई. अभ्यर्थी को सूचना रजिस्टर्ड ए.डी. डाक से प्रेषित की गई. पावती दिनांक 19 जनवरी 2012 को आयोग में प्राप्त हो गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री अब्बास उर्फ शंकर काजी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत जतारा, जिला टीकमगढ़** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

**( सुभाष जैन )**

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 7 मार्च 2012

## आदेश

क्र. एफ. 67-278-10-तीन-394.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

**माह जुलाई 2010** में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत कोटर, जिला सतना** के आम निर्वाचन में **श्री राजेन्द्र गौतम ''बब्लू''** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत कोटर, जिला सतना** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 28 जुलाई 2010 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 27 अगस्त 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा **जिला निर्वाचन अधिकारी, सतना** के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं **जिला निर्वाचन अधिकारी, सतना** के पत्र क्र.1321/ स्था.निर्वा./2010, दिनांक 18 अक्टूबर 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री राजेन्द्र गौतम ''बब्लू''** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री राजेन्द्र गौतम ''बब्लू''** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 9 नवम्बर 2010 जारी कर **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सतना** के माध्यम से दिनांक 7 जनवरी 2011 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

**श्री राजेन्द्र गौतम ''बब्लू''** को नोटिस दिनांक 7 जनवरी 2011 को तामील हो गया था. अत: उनको दिनांक 22 जनवरी 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी ने दिनांक 18 जनवरी 2011 को एक अध्यावेदन प्रस्तुत किया जिसमें लेख किया कि '' . . . दिनांक 24 अगस्त 2010 से मेरा स्वास्थ्य खराब होने जाने के कारण निर्वाचन व्ययों का लेख समय-सीमा में जमा नहीं कर सका. सुलभ संदर्भ हेतु अस्वस्थता संबंधी चिकित्सा प्रमाण-पत्र की छायाप्रति संलग्न है.'' उक्त अभ्यावेदन के संबंध में **कलेक्टर, सतना** से अभिमत चाहा गया. **कलेक्टर, सतना** ने अपने पत्र दिनांक 22 जुलाई 2011 में लेख किया कि '' . . . आवेदक से चिकित्सा प्रमाण-पत्र की मूलप्रति लिया जाना उचित प्रतीत होता है. चूंकि प्रस्तुत छायाप्रति में चिकित्सालय का पंजीयन क्रमांक/चिकित्सक के नाम आदि का उल्लेख नहीं है.'' आयोग ने कलेक्टर सतना से चिकित्सा प्रमाण-पत्र की मूल प्रति प्राप्त कर चिकित्सा प्रमाण-पत्र की स्वीकार्यता/अस्वीकार्यता के संबंध में टीप चाही. **कलेक्टर, सतना** ने पत्र दिनांक 29 सितम्बर, 2011 में लेख किया कि ''. . . पत्र की तामीली के एक माह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी अभ्यर्थी **श्री राजेन्द्र गौतम** द्वारा अपना मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया. अभ्यर्थी द्वारा मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न किए जाने से अभ्यावेदन में उल्लेखित कारण में विश्वसनीयता प्रतीत नहीं होती है.''

**कलेक्टर, सतना** से उक्त जानकारी प्राप्त होने पर विचारोपरांत आयोग द्वारा दिनांक 29 दिसम्बर 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष दिनांक 3 फरवरी 2012 को उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थी को सूचना-पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की पावती आयोग कार्यालय में दिनांक 16 जनवरी 2012 को हो गई थी, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री राजेन्द्र गौतम ''बब्लू''** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत कोटर, जिला सतना** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
**( सुभाष जैन )**
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 9 मार्च 2012

आदेश

क्र. एफ. 67-178-10-तीन-410.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

**माह दिसम्बर 2009** में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** के आम निर्वाचन में **सुश्री अनीसा बेगम** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थीं **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा **जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं **जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पत्र क्र.370-स्था.निर्वा.-2010, दिनांक 1 फरवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री अनीसा बेगम** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री अनीसा बेगम** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 22 फरवरी 2010 जारी किया गया. **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पत्र दिनांक 16 सितम्बर 2010 के संलग्न अभ्यर्थी को जारी नोटिस की तामीलशुदा प्रति प्राप्त हुई. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

**सुश्री अनीसा बेगम** को नोटिस दिनांक 16 सितम्बर, 2010 को तामील कराया गया.आयोग द्वारा अभ्यर्थी को दिनांक 20 दिसम्बर, 2011 को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 9 फरवरी,, 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र प्रेषित किया गया. अभ्यर्थी को सूचना विहित समयावधि में प्राप्त हो गई थी, किन्तु व्यक्तिगत सुनवाई में वे उपस्थित नहीं हुईं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री अनीसा बेगम** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
**( सुभाष जैन )**
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 9 मार्च 2012

## आदेश

क्र. एफ. 67-178-10-तीन-411.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

**माह दिसम्बर 2009** में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** के आम निर्वाचन में **श्री अनवर अली** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा **जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं **जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पत्र क्र.370-स्था.निर्वा.-2010, दिनांक 1 फरवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री अनवर अली** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री अनवर अली** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 22 फरवरी 2010 जारी कर **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के माध्यम से दिनांक 24 मार्च, 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

**श्री अनवर अली** को नोटिस दिनांक 24 मार्च, 2010 को तामील कराया गया. आयोग द्वारा अभ्यर्थी को दिनाकं 20 दिसम्बर, 2011 को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 9 फरवरी, 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र प्रेषित किया गया. अभ्यर्थी को सूचना विहित समयावधि में प्राप्त हो गई थी, किन्तु व्यक्तिगत सुनवाई में वे उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री अनवर अली** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
**( सुभाष जैन )**
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 9 मार्च 2012

## आदेश

क्र. एफ. 67-178-10-तीन-412.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

**माह दिसम्बर 2009** में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** के आम निर्वाचन में **श्री जगदीश राय** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा **जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं **जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पत्र क्र.370-स्था.निर्वा.-2010, दिनांक 1 फरवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री जगदीश राय** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री जगदीश राय** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 22 फरवरी 2010 जारी कर **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के माध्यम से दिनांक 24 मार्च, 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

**श्री जगदीश राय** को नोटिस दिनांक 24 मार्च, 2010 को तामील कराया गया. आयोग द्वारा अभ्यर्थी को दिनांक 20 दिसम्बर, 2011 को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 9 फरवरी, 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र प्रेषित किया गया. अभ्यर्थी को सूचना विहित समयावधि में प्राप्त हो गई थी, किन्तु व्यक्तिगत सुनवाई में वे उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री जगदीश राय** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

**(सुभाष जैन)**

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 9 मार्च 2012

## आदेश

क्र. एफ. 67-178-10-तीन-413.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

**माह दिसम्बर 2009** में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** के आम निर्वाचन में **श्री बलवान सिंह यादव** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत हरपालपुर, जिला छतरपुर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा **जिला**

**निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं **जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पत्र क्र.370-स्था.निर्वा.-2010, दिनांक 1 फरवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री बलवान सिंह यादव** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री बलवान सिंह यादव** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 22 फरवरी 2010 जारी किया गया. **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर** के पत्र दिनांक 16 सितम्बर 2010 के संलग्न नोटिस की तामीलशुदा प्रति प्राप्त हुई. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

**श्री बलवान सिंह यादव** को नोटिस दिनांक 16 सितम्बर 2010 को तामील कराया गया. आयोग द्वारा अभ्यर्थी को दिनांक 20 दिसम्बर 2011 को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 9 फरवरी, 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र प्रेषित किया गया. अभ्यर्थी को सूचना विहित समयावधि में प्राप्त हो गई थी, किन्तु व्यक्तिगत सुनवाई में वे उपस्थित नहीं हुए.

